भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 27.04.2024

रेलवे बोर्ड के वित्त सदस्य का आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का दिनांक–27.04.2024 को रेलवे बोर्ड के वित्त सदस्या सुश्री रूपा श्रीनिवासन ने दौरा किया। सुश्री श्रीनिवासन ने आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण तकनीक, भण्डारण, टेस्टिंग लैबों का निरीक्षण किया। व्हील फैक्ट्री के अधिकारियों ने कच्चे माल से लेकर फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण के सभी चरणों के बारे में जानकारी दी।

वित्त सदस्य महोदया का दौरा इस मायने में और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि अभी हाल में फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का स्वामित्व राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड से रेल मंत्रालय को हस्तांतरित हुआ है। इसके लिए रेल मंत्रालय ने 1725 करोड़ रुपये का हस्तांतरण राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड को किया है।

वित्त सदस्य महोदया ने इसी कड़ी में आगे आरेडिका के विभिन्न शॉपों जैसे शेल शॉप, व्हील शॉप में कोचों के निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण कर आरेडिका के उच्च अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया साथ ही फिनिशिंगशॉप में एसी–3 कोच का निरीक्षण किया।

आरेडिका के व्हील निर्माण से एक ओर फोर्ज्ड व्हीलों के विदेशी आयात से राहत मिलेगी। आरेडिका फोर्ज्ड व्हीलों का स्वंय उत्पादक एवं भारतीय रेल उपभोगता बनेगी तो इससे अतिरिक्त श्रम एवं समय की बचत होगी।

व्हील फैक्टरी एवं आरेडिका शॉप के निरीक्षण के उपरान्त वित्त सदस्य महोदया ने महाप्रबन्धक एवं सभी उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर हो रहे उत्पादन के प्रति प्रशन्नता जाहिर की एवं रेलवे मंत्रालय द्वारा दिये गये लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ श्री संजय कुमार कटियार, पीएफए श्री हमीम अहमद, पीसीएमई श्री विवेक खरे, पीसीईई श्री हरीश चन्द्र, पीसीएमएम श्री राजीव खण्डेलवाल, पीसीपीओ श्री रूपेश श्रीवास्तव, एसडीजीएम एवं सीवीओ श्री अकमल वदूद, सीडीई श्री डीके सिंह, व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी श्री समीर हलधर सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

27/4/2024

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी